# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Annual Examination - (2023 – 2024)** SET B

**Class: IX** **MM: 80**

**Subject: HINDI** **Time: 3Hrs.**

---

सामान्य निर्देश :

(1) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- **खंड 'क'** और **'ख'**। **खंड 'क'** में वस्तुपरक/बहुविकल्पीय और **खंड 'ख'** में वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

(4) **खंड 'क'** में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है। दिए गए दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(5) **खंड 'ख'** में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

## खंड 'क' वस्तुपरक प्रश्न (40 अंक)

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** 1X5=5

भारत के लिए लोकतन्त्र को अपनाया जाना भारत के राष्ट्रीय आंदोलन व जनता की आकांक्षाओं का स्वाभाविक परिणाम था। लोकतन्त्र के मूलभूत तत्व को समझा नहीं गया है और इसलिए लोग समझते हैं कि सबकुछ सरकार को करना चाहिए, हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है।

लोगों में अपनी पहल से जिम्मेदारी उठाने और निभाने का संस्कार विकसित नहीं हो पाया है। फलस्वरूप देश की विशाल मानव शक्ति अभी सुस्त हो गई है और देश की पूँजी उपयोगी बनने के बदले आज बोझ बन बैठी है, लेकिन देशवासियों को अब झकझोर कर जगाने का समय आ गया है। किसी भी देश को महान बनाते हैं, उसमें रहने वाले लोग ।

वर्तमान समय में भी हमारे देश के नागरिक अपनी ज़िम्मेदारी से बचते रहे हैं। चाहे सड़क पर चलने की बात हो अथवा साफ़-सफ़ाई की बात, जहाँ-तहाँ हम लोगों को गंदगी फैलाते और बेतरतीब ढंग से वाहन चलाते देख सकते हैं। फिर चाहते हैं कि सब कुछ सरकार के द्वारा ठीक कर दिया जाए।

सरकार ने बहुत सारे काम किए हैं, इसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ खोली गई है, विशाल बाँध बनवाए गए हैं तथा फ़ौलाद के कारखाने खोले गए हैं। इसी तरह अन्य क्षेत्रों मे भी सरकार के द्वारा बहुत सारे काम किए गए हैं , परंतु अभी भी करोड़ों लोगों को प्रेरित नहीं किया जा सका है।

वास्तव में होना तो यह चाहिए कि लोग अपनी सूझ-बूझ के साथ अपनी आंतरिक शक्ति के बल पर खड़े हों और अपने आस-पास जो कुछ साधन-सामग्री हो उसे लेकर कुछ कार्य करना शुरू कर दें और फिर सरकार उसमें आवश्यक मदद करे।

उदाहरण के लिए, गाँव वाले बड़ी-बड़ी पंचवर्षीय नहीं समझ सकेंगे, पर वे लोग यह बात ज़रूर समझ सकेंगे कि अपने गाँव में कहाँ कुआँ चाहिए, सिंचाई के लिए कौन-सा साधन सुलभ है और कहाँ पुल की आवश्यकता है।

भारत से बाहर के लोग इन बातों से पूरी तरह अनभिज्ञ होते हैं अतः देश में रहने वाले नागरिकों की ही ज़िम्मेदारी बनती है कि देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएँ।

**(i) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A)** वर्तमान समय में भारतीय नागरिक देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह होते जा रहे हैं।

**कारण (R):** सरकार का रवैया देश के प्रति उदासीन है।

(अ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(द) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**(ii) गद्यांश के आधार पर बताइए कि लोकतन्त्र का मूल तत्व क्या है?**

(अ) कर्तव्यपालन (ब) मानव शक्ति

(स) आंतरिक शक्ति (द) उपर्युक्त सभी

**(iii) गद्यांश में लेखक द्वारा राष्ट्र के नागरिकों को क्या सुझाव दिए गए हैं?**

**कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-**

**कथन**

(क) लोग अपनी समझ व आंतरिक ऊर्जा को आधार बनाएँ

(ख) जो भी साधन उपलब्ध हों, उनके आधार पर कार्य आरंभ करें

(ग) 'क' व 'ख' दोनों

(घ) कारखाने खोलें

**कूट/विकल्प**

(अ) कथन (क) सही है

(ब) कथन (क) और (ख) सही है।

(स) कथन (क), (ख) और (ग) सही है।

(द) कथन (घ) सही है

**(iv) गद्यांश के आधार पर बताइए कि किसको नींद से झकझोर कर जाग्रत करने की आवश्यकता है?**

(अ) सरकार को (ब) देश की विशाल मानव शक्ति को

(स) लोकतन्त्र को (द) इनमें से कोई नहीं

**(v) गद्यांश में सरकार द्वारा किए गए कौन-से कार्यों का उल्लेख किया गया है?**

(अ) वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ खुलवाई गईं।

(ब) विशाल बाँध बनवाए गए।

(स) कारखाने खुलवाए गए।

(द) उपरोक्त सभी।

**2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** 1X5=5

जनता? हाँ, मिट्टी की अबोध मूरतें वही,
जाड़े-पाले की कसक सदा सहने वाली,
जब अंग-अंग में लगे साँप हों चूस रहे,
तब भी न कभी मुँह खोल दर्द कहने वाली।

मानो, जनता हो फूल जिसे एहसास नहीं,
जब चाहो तभी उतार सजा लो दोनों में

अथवा कोई दुधमुँही जिसे बहलाने के
जंतर-मंतर सीमित हों चार खिलौनों में।

लेकिन, होता भूडोल, बवंडर उठाते हैं,
जनता जब कोपाकुल हो भृकुटी चढ़ाती है;
दो राह, समय के रथ का घर्घर-नाद सुनो,
सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

हुंकारों से महलों की नींव उखड़ जाती,
साँसों के बल से ताज हवा में उड़ता है;
जनता की रोके राह, समय में ताब कहाँ?
वह जिधर चाहती, काल उधर ही मुड़ता है।

सबसे विराट जनतंत्र जगत का आ पहुँचा,
तैंतीस कोटि-हित सिंहासन तैयार करो;
अभिषेक आज राजा का नहीं, प्रजा का है,
तैंतीस कोटि जनता के सिर पर मुकुट धरो।

आरती लिए तू किसे ढूँढता है मूरख,
मंदिरों, राजप्रासादों मे, तहख़ानों में?
देवता कहीं सड़कों पर मिट्टी तोड़ रहे,
देवता मिलेंगे खेतों में खलिहानों में ।

**(i) कवि ने भारतीय जनता की सहनशीलता का वर्णन किस रूप में किया है ?**

(अ) भारतीय जनता सभी अत्याचार सहती है
(ब) वह हाथ जोड़े हर आज्ञा मानती है
(स) वह मिट्टी की मूरत बनी आवाज़ नहीं उठाती
(द) नासमझी के कारण सहनशील बनी रहती है

**(ii) 'प्रजा का अभिषेक होने' का क्या तात्पर्य है? कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**कथन**

(क) जनता के हाथ में सत्ता सौंपना
(ख) राजाओं को अपदस्थ करना
(ग) जनता खुद अपने शासक का चुनाव करती है
(घ) लोकतन्त्र से दूरी रखना

**कूट/विकल्प**

(अ) कथन (क) और (ग) सही है
(ब) कथन (ख) और (ग) सही है
(स) कथन (ख), (ग) और (घ) सही है
(द) कथन (ग) और (घ) सही है

**(iii) जनता के क्रोध का क्या परिणाम होता है?**

(अ) भ्रांति
(ब) शांति
(स) क्रान्ति
(द) अशान्ति

**(iv) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A) :** "अथवा कोई दुधमुँही जिसे बहलाने के जंतर-मंतर सीमित हों चार खिलौनों में" कथन का भाव है

**कारण (R) :** भारतीय जनता बहुत सीधी है, उसे बहलाना कठिन नहीं है

(अ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है ।

(ब) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है ।

(स) कथन (A) कारण (R) दोनों सही हैं ।

(द) कथन (A) और (R) दोनों गलत है ।

**(v) आम आदमी को 'देवता' कहा गया है, क्योंकि ?**

(अ) वह देवता जैसा सरल व गुणवान है।

(ब) उसका परिश्रम वंदनीय है।

(स) उसने देवता जैसा काम किया है।

(द) उसे मुकुट पहनाया गया है।

**3.निर्देशानुसार 'उपसर्ग-प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1X4=4**

**(i) 'प्रत्येक' में उपसर्ग है-**

(अ) प्रति (ब) प्रती

(स) एक (द) येक

**(ii) 'अन' उपसर्ग से युक्त शब्द को चुनिए-**

(अ) अनजान (ब) अनपढ़

(स) अनमोल (द) अनधिकार

कूट/विकल्प

(अ) केवल (क) सही है

(ब) केवल (क) और (ख) सही है

(स) (क), (ख) और (ग) सही है

(द) (ख), (ग) और (घ) सही है

**(iii) 'क्रोधित' - शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-**

(अ) धित (ब) इत

(स) त (द) ईत

**(iv) उस शब्द को छाँटिए जिसमें 'इक' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ हो-**

(अ) अधिक (ब) दैनिक

(स) धार्मिक (द) भौगोलिक

**(v) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| क.अत्यधिक | 1.उप |
| ख.उनचास | 2.अति |
| ग.उपकार | 3.उन |

कूट/विकल्प

| | क | ख | ग | | क | ख | ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 3 | 1 | 2 | (ब) | 2 | 3 | 1 |
| (स) | 2 | 1 | 3 | (द) | 1 | 2 | 3 |

**4. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1X4=4**

**(i) कर्मधारय समास किसमें है?**

(क) चरण-कमल में (ख) नील कमल में

(ग) भव सागर में (घ) कविश्रेष्ठ में

कूट/विकल्प

(अ) केवल (क), (ख) और (ग) सही है

(ब) केवल (ख), (ग) और (घ) सही है

(स) (क) और (ग) सही है

(द) (ख) और (घ) सही है

**(ii) 'जन्मांध' - का सही विग्रह होगा-**

(अ) जन्म का अंधा (ब) जन्म से अंधा

(स) जन्म से अंधा है जो (द) इनमें से कोई नहीं

**(iii) 'चक्र को धारण किया है जिसने'- का समस्तपद कौन-सा है?**

(अ) चक्रधारी (ब) चक्रपाणि

(स) चक्रधर (द) चक्र और धर

**(iv) 'यथाविधि' - समस्तपद में कौन-सा समास है ?**

(अ) अव्ययीभाव (ब) तत्पुरूष

(स) कर्मधारय समास (द) द्विगु समास

**(v) सूची I (समस्तपद) को सूची II (समास) के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| क. भरपेट | 1. कर्मधारय समास |
| ख. नीलगाय | 2. तत्पुरूष समास |
| ग. घुड़सवार | 3. अव्ययीभाव समास |

कूट/विकल्प

| | क | ख | ग | | क | ख | ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 3 | 2 | 1 | (ब) | 1 | 3 | 2 |
| (स) | 1 | 2 | 3 | (द) | 3 | 1 | 2 |

**5. निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1X4=4**

**(i)** 'भगवान' आपका भला करे , अर्थ के आधार पर सही वाक्य-भेद चुनिए-

(अ) आज्ञावाचक (ब) इच्छावाचक वाक्य

(स) विधानवाचक वाक्य (द) विस्मयवाचक वाक्य

**(ii) तुमने गाना नहीं गाया ।**

(अ) संदेहवाचक वाक्य (ब) प्रश्नवाचक वाक्य

(स) संकेतवाचक वाक्य (द) निषेधवाचक वाक्य

**(iii) अरे ! इतनी ऊँची इमारत ।**

(अ) विधानवाचक वाक्य (ब) इच्छावाचक वाक्य

(स) विस्मयवाचक वाक्य (द) निषेधवाचक वाक्य

**(iv) तुम पढ़ रहे हो । (आज्ञावाचक वाक्य में बदलें)**

(अ) तुम पढ़ो । (ब) तुम पढ़ाई कर रहे हो।

(स) तुमसब पढ़ाई करो । (द) तुमने पढ़ाई कर ली है ।

**(v) रचना मन लगाकर पढ़ाई करती है (निषेधवाचक वाक्य में बदलें)**

(अ) रचना,मन लगाकर पढ़ाई करो (ब) वाह रचना ! मन लगाकर पढ़ती है ।

(स) रचना मन लगाकर पढ़ाई नहीं करती है (द) रचना मन लगाकर पढ़ती होगी।

**6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**1X4=4**

**(i) "सोई संत सुजान ।" इस काव्य पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) उपमा (ब) यमक (स) अनुप्रास (द) रूपक

**(ii) "मानसरोवर सुभर जल।" इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) यमक (ब) रूपक (स) उपमा (द) अनुप्रास

**(iii) 'माला फेरत युग भया, फिरा न मन का फेर**
**कर का मनका डारि दै, मन का मनका फेर**
**इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) रूपक (ब) उपमा (स) यमक (द) अनुप्रास

**(iv) 'नदियाँ जिसकी यशधारा-सी' इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) उपमा (ब) अनुप्रास (स) यमक (द) रूपक

**(v) 'सुषुम-सेतु पर खड़ी थी।' इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) उपमा (ब) अनुप्रास (स) यमक (द) रूपक

**7.निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-**

**1X5=5**

टोपी आठ आने में मिल जाती है और जूते उस जमाने में भी पाँच रुपये से कम में क्या मिलते होंगे। जूता हमेशा टोपी से कीमती रहा है। अब तो जूते की कीमत और बढ़ गई है और एक जूते पर पच्चीसों टोपियाँ न्योछावर होती हैं। तुम भी जूते और टोपी के आनुपातिक मूल्य के मारे हुए थे। यह विडम्बना मुझे इतनी तीव्रता से पहले कभी नहीं चुभी, जितनी आज चुभ रही है, जब मैं तुम्हारा फटा हुआ जूता देख रहा हूँ। तुम महान कथाकार, उपन्यास-सम्राट, युग-प्रवर्तक, जाने क्या-क्या कहलाते थे, मगर फ़ोटो में भी तुम्हारा जूता फटा हुआ है।

**(i) किसकी कीमत हमेशा अधिक रही है?**

(अ) टोपी की (ब) जूते की

(स) 'क' तथा 'ख' दोनों (द) कथाकार की

**(ii) प्रस्तुत गद्यान्श में क्या व्यंग्य किया गया है?**

(अ) टोपी सस्ती होती है।

(ब) जूता महँगा मिलता है

(स) ताकत के आगे सभी सिर झुकाते हैं।

(द) अब जूते महँगे हो गए हैं।

**(iii) 'जूते' का प्रतीकार्थ क्या है?**

(अ) महँगे

(ब) कीमती

(स) तुच्छ प्राणी

(द) मूल्यवान

**(iv) "एक जूते पर पच्चीसों टोपियाँ न्योछावर"- इसका तात्पर्य क्या है?**

(अ) जूते को महत्व देना

(ब) टोपियों को साधारण समझना

(स) धनी का मान-सम्मान होना

(द) एक जूते के बराबर पच्चीस टोपियाँ

**(v) किस विडम्बना ने लेखक को इससे पहले परेशान नहीं किया?**

(अ) प्रेमचंद की गरीबी की स्थिति ने

(ब) टोपी की कीमत ने

(स) जूते की कीमत ने

(द) फटे जूते ने

**8. गद्य खंड के पाठों के आधार पर दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए**

**1X2=2**

**(i) प्रोफेसर मनमोहन वर्मा कौन थे?**

(अ) महादेवी के पिता

(ब) महादेवी के पड़ोसी

(स) महादेवी के अध्यापक

(द) महादेवी के भाई

**(ii) 'लेखक व्यक्ति-केन्द्रिकता के बदले कैसी जीवन-शैली चाहता है?**

(अ) आधुनिक जीवन

(ब) सामजिक जीवन

(स) स्वार्थी जीवन

(द) सुखी जीवन

**9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-**

**1X5=5**

क्यों हूक पड़ी?
वेदना बोझ वाली-सी;
कोकिल बोली तो!
क्या लूटा?
मृदुल वैभव की
रखवाली-सी,
कोकिल बोलो तो!
क्या हुई बावली?
अर्द्धरात्रि को चीखी,
कोकिल बोलो तो!
किस दावानल की
ज्वालाएँ हैं दिखीं?
कोकिल बोलो तो!

**(i) कवि को कोयल का स्वर कैसा लग रहा था?**

(अ) कर्णप्रिय

(ब) वेदनामय

(स) मधुर

(द) कर्कश

**(ii) कोयल की मधुर वाणी में व्याकुलता क्यों उभर आई?**

(अ) डाकुओं और चोरों को देखकर

(ब) आधी रात को अकेली होने के कारण

(स) ब्रिटिश सरकार के काले कारनामों को देखकर

(द) रात के अँधेरे के कारण

**(iii) कोयल को 'बावली' कहने के पीछे कवि ने क्या तर्क दिए?**

(अ) कोयल गा रही है। (ब) कोयल सोई नहीं है।

(स) वह रखवाली कर रही है। (द) वह आधी रात को कूक रही है।

**(iv) कवि ने कोयल के वेदनायुक्त स्वर को सुनकर क्या अनुमान लगाया?**

(अ) उसका कुछ खो गया है। (ब) वह बाबली हो गई है।

(स) किसी भयंकर विनाश की ओर वह लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहती है।

(द) उपर्युक्त सभी

**(v) कोयल किस समय कूकी?**

(अ) सुबह (ब) शाम

(स) आधी रात (द) दोपहर

**10.काव्य खंड पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-**

**1X2=2**

**(i) कवि किसके बदले आठों सिद्धधियों और नौ निधियों के सुख को त्यागना चाहते हैं?**

(अ) कृष्ण की लाठी और कंबल के बदले (ब) नन्द की गाय चराने के बदले

(स) ब्रज के बगीचों को देखने के बदले (द) करील के घने कुंजों को देखने के बदले

**(ii) 'समभावी' किसे कहते हैं?**

(अ) समान समझने वाले को (ब) भोग और त्याग के बीच का मार्ग अपनाने वाले को

(स) भेदभाव करने वाले को (द) भेदभाव न करने वाले को

**'खंड ब' वर्णनात्मक प्रश्न (40 अंक)**

**पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक**

**11.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-**

**2X4=8**

(क) क्या आपको लगता है कि 'दो बैलों की कथा' कहानी आज़ादी की लड़ाई की ओर भी संकेत करती है?

(ख) लेखक लङ्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गया?

(ग) आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित कर रही है?

(घ) सालिम अली ने पूर्व प्रधानमंत्री के सामने पर्यावरण से संबंधित किन संभावित ख़तरों का चित्र खींचा होगा, जिससे उनकी आँखें नम हो गई थीं?

(ङ) कांजीहाउस के अधिकारियों ने दोनों बैलों को किसके हाथों नीलाम कर दिया?

**12.पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X3=6**

(क) कबीर ने सच्चे प्रेमी की क्या कसौटी बताई है?

(ख) कवि ने गाँव को 'हरता-जन-मन' क्यों कहा है?

(ग) 'बन-ठन के, सँवर के' आने की बात क्यों कही गई है?

(घ) बच्चों का काम पर जाना धरती के एक हादसे के समान क्यों है ?

**13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधार निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** **3X2=6**

(क) नौजवान के पानी में उतरते ही कुत्ता भी पानी में कूद गया। दोनों ने किन भावनाओं के वशीभूत होकर ऐसा किया?

(ख) "शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है"- इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

(ग) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में किस समस्या को उठाया गया है? क्या आज भी हमें इस समस्या का भयंकर रूप दिखाई देता है? स्पष्ट कीजिए।

## लेखन

**14. निम्नलिखित तीन विषयों में से में से एक विषय पर लगभग 100 से 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए-** **6**

**(क) विज्ञापन की बढ़ती हुई लोकप्रियता**

संकेत बिंदु

*विज्ञापन की आवश्यकता *विज्ञापनों से होने वाले लाभ

*विज्ञापनों से होने वाली हानियाँ

**(ख) आधुनिक जीवन में मोबाइल**

संकेत बिंदु

*वर्तमान समय में मोबाइल की महत्ता *मोबाइल फोन द्वारा प्राप्त होने वाली सुविधाएँ

*मोबाइल फोन से होने वाले नुकसान

**(ग) सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा**

संकेत बिंदु

*भारत : सर्वश्रेष्ठ देश *संस्कृति, सभ्यता और नैतिक मूल्य अत्यंत प्रभावशाली

*भौगोलिक तथा लोकतंत्र की दृष्टि से श्रेष्ठता

**15. आप बुखार से पीड़ित हैं। चिकित्सक द्वारा आपको आराम करने का परामर्श देने का हवाला देते हुए प्राचार्य को एक सप्ताह के अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।** **5**

**अथवा**

**आपके जन्मदिन पर मित्र ने आपको लैपटॉप उपहार में दिया है। उसे धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए।**

**16. "जहाँ चाह वहाँ राह" उक्ति के आधार पर एक मौलिक कथा लिखिए।** **5**

**अथवा**

**आपके विद्यालय में गणतन्त्र दिवस मनाया गया। इस आयोजन की जानकारी देने के लिए विद्यालय के प्रबन्धक को ई-मेल लिखिए।**

**17. पति-पत्नी के बीच घर के खर्चे को लेकर संवाद** **4**

**अथवा**

**आप ओपीजिंदल, सावित्रीनगर विद्यालय में आयोजित होने वाली शिक्षक दिवस कार्यक्रम में आमंत्रण हेतु सभी अध्यापक वर्ग को सूचित करते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।**